# चित्रकूट-पुलिस

(1). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए।

(2) पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया।

आवेदिका श्रीमती रज्जी निषाद पुत्री शीतला प्रसाद निषाद निवासी ग्राम बम्बुरा थाना मऊ जनपद चित्रकूट ने पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया कि पति आशीष निषाद पुत्र विजय लाल निवासी तारा का पुरवा थाना कौशांबी जनपद कौशांबी व ससुरालीजन द्वारा प्रार्थिया के साथ अतिरिक्त दहेज की मांग,गाली गलौज,मारपीट,लड़ाई झगड़ा कर शारीरिक, मानसिक प्रताड़ना करने के सम्बन्ध में दिया गया। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा प्रार्थना-पत्र के निस्तारण हेतु प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र श्रीमती रंजना तिवारी, महिला मुख्य आरक्षी रजनी सिंह,महिला आरक्षी अनामिका सिंह द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया। दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में गाली गलौज,मारपीट,लड़ाई झगड़ा कर शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना न करने,पारिवारिक सामजस्य बनाकर रहने तथा कर्तव्यों का सही से पालन करने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़े को एक दूसरे के साथ-साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

समझौता कराने वाली टीमः-

1.प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र श्रीमती रंजना तिवारी

2.महिला मुख्य आरक्षी रजनी सिंह

3.महिला आरक्षी अनामिका सिंह

(3). “मिशन शक्ति फेज-5.0: महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित “मिशन शक्ति अभियान-5”□

सम्मान, स्वालंबन को समर्पित मिशन शक्ति फेज-5.0’ पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानो की एंटीरोमियों टीमों द्वारा “मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत थाना क्षेत्र में जनचौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण,स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम,निम्न आय वर्ग बस्तियों,गांवों,वार्डों,मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों,कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता,साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी,महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण,गुड टच/बैड टच की जानकारी।
महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ
1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
1090 – वीमेन पावर लाइन
181 – वीमेन हेल्पलाइन
112 – पुलिस आपातकालीन सेवा
102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस
108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा
1098 – चाइल्ड लाइन
101 – अग्निशमन सेवा
1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

(4). श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह एवं पैरोकार आरक्षी प्रशान्त कुमार व प्रभारी मॉनिटरिंग सेल उ0नि0 श्री प्रभूनाथ यादव व उनकी टीम द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं अपर शासकीय अधिवक्ता श्री अजय कुमार सिंह द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम चित्रकूट श्री अनुराग कुरील द्वारा आज दिनाँक 09.10.2025 को पुलिस मुख्यालय से पैरवी हेतु चिन्हित एवं कोतवाली कर्वी में पंजीकृत मु0अ0सं0 339/2015 धारा 302,201 भा0द0वि0 के आरोपी अभियुक्तों 1. झुल्लू उर्फ चन्द्रपाल पुत्र बच्चा यादव निवासी शाहपुर थाना बदौसा जनपद चित्रकूट 2. बिल्लू उर्फ सोमपाल यादव पुत्र रामदास 3. विजय पुत्र किशोरा उर्फ रामकिशोर यादव निवासीगण कोलौहा कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को आजीवन कारावास व 30-30 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।
संक्षिप्त विवरण-

उल्लेखनीय है कि दिनांक 29.04.015 को वादी जयराम पुत्र स्व0 सुन्दरलाल निवासी कोलौहा कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट द्वारा कोतवाली कर्वी पर सूचना दी गयी कि उनके लड़के मुलायम को अभियुक्तगणों 1. झुल्लू उर्फ चन्द्रपाल पुत्र बच्चा यादव निवासी शाहपुर थाना बदौसा जनपद चित्रकूट 2. बिल्लू उर्फ सोमपाल यादव पुत्र रामदास 3. विजय पुत्र किशोरा उर्फ रामकिशोर यादव निवासीगण कोलौहा कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट द्वारा ले जाकर रात्रि में मारकर शव को पेड़ पर लटका दिया,इस सूचना पर कोतवाली कर्वी में मु0अ0सं0 339/2015 धारा 302,201 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना तत्कालीन उ0नि0 श्री रणवीर सिंह को सुपुर्द की गयी। विवेचक द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर, दिनाँक 31.10.2015 को आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया।

(5). पुलिस लाइन चित्रकूट में चल रही तीन दिवसीय 28 वीं अन्तर्जनपदीय प्रयागराज जोन प्रयागराज पुलिस एलार्म एफीसियन्शी रेस एवं राइफल/रिवाल्वर शूटिंग प्रतियोगिता की विजेता टीम व विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस0 द्वारा पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह की उपस्थिति में पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के समापन की घोषणा के साथ प्रयागराज जोन का ध्वज मुख्य अतिथि द्वारा आयोजन सचिव पुलिस अधीक्षक चित्रकूट को ससम्मान सौंपा गया।

समापन के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान श्री अजेय कुमार शर्मा, क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राजकमल, क्षेत्राधिकारी लाइन्स/कार्यालय श्री यामीन अहमद,क्षेत्राधिकारी मऊ श्री फहद अली एवं प्रतिसार निरीक्षक श्री रामाशीष यादव,पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह एवं अन्य अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। प्रतियोगिता की विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के विजेता इस प्रकार रहें।

1. अलार्म इफिसियेन्सी रेस प्रतियोगिता में जनपद हमीरपुर ने विजेता शील्ड जनपद चित्रकूट को तथा शूटिंग में विजेता शील्ड जनपद चित्रकूट को प्रदान की गयी।
2. 100 गज राइफल फायरिंग में उ0नि0 श्री भूपेन्द्र सिंह जनपद महोबा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
3. 200 गज राईफल फायरिंग में चन्द्रकान्त दीक्षित जनपद चित्रकूट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
4. 300 गज राईफल फायरिंग में महिला आरक्षी प्रतीक्षा मौर्या जनपद बांदा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
5. 300 गज स्नैप राइफल फायरिंग में आरक्षी शिवनारायण नरवरिया जनपद चित्रकूट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
6. 300 गज श्रीपी राईफल फायरिंग में आरक्षी दातादीन जनपद चित्रकूट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
7. 300 गज प्रोन पुरुष फायरिंग में जनपद बांदा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
8. 300 गज प्रोन महिला में जनपद प्रतापगढ़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
9. 300 गज प्रोन पोजिशन व्यक्तिगत एवं 300 गज बिग बोर महिला राईफल फायरिंग महिला आरक्षी प्रतीक्षा मौर्या जनपद बांदा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया
10. 300 मीटर बिग बोर रायफल फायरिंग में उ0नि0 श्री भूपेन्द्र सिंह जनपद महोबा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
11. 300 मीटर बिग बोर पुरुष में जनपद चित्रकूट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
12. 300 मीटर बिग बोर महिला में जनपद चित्रकूट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

12\. 50 गज रिवाल्वर पिस्टल फायरिंग के विजेता उ0नि राजेश कुमार यादव जनपद हमीरपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

13\. 30 गज रिवाल्वर पिस्टल फायरिंग के विजेता क्षेत्राधिकारी मऊ श्री फहद अली जनपद चित्रकूट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

14. 25 गज रिवाल्वर पिस्टल फायरिंग के विजेता महिला आरक्षी प्रतीक्षा मौर्या जनपद बांदा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

15. 50 गज रिवाल्वर पिस्टल फायरिंग के विजेता उ0नि0 राजेश कुमार यादव जनपद हमीरपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

16. चैम्पियनशिप एसाल्ट में जनपद चित्रकूट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

17. राइफल पुरानी स्पर्धा चैम्पिनशिप में जनपद चित्रकूट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

18. राइफल नई स्पर्धा चैम्पियनशिप में जनपद चित्रकूट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

19. रिवाल्वर/पिस्टल पुरानी स्पर्धा चैम्पियनशिप में जनपद चित्रकूट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

20. महिला चैम्पियनशिप नई स्पर्धा में जनपद प्रतापगढ़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बेस्ट फायरर-उ0नि0 श्री भूपेन्द्र सिंह जनपद महोबा

आरक्षी प्रतीक्षा मौर्या जनपद बांदा शूटिंग प्रतियोगिता में ऑल इण्डिया पुलिस में उत्तर प्रदेश पुलिस का प्रतिनिधित्व कर चुकी है।

(6). श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में थानाध्यक्ष पहाड़ी श्रीमती अनुपमा तिवारी एवं पैरोकार आरक्षी अबरार हुसैन द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं अभियोजन अधिकारी शशिकांत यादव द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायालय सिविल जज सी0डी0 श्री सचिन दीक्षित द्वारा आज दिनाँक 09.10.2025 को थाना पहाड़ी में पंजीकृत मु0अ0सं0 63/2014 धारा 25 आर्म्स एक्ट के आरोपी अभियुक्त लल्लू प्रसाद पुत्र बाबूलाल निवासी कंधईपुर कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को जेल में बिताई गई अवधि से दंडित किया गया।

(7). जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में व पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर सभागार में संपन्न हुई। बैठक में दीपावली मेले को देखते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को निर्देशित करने कीए कि सड़क किनारे जो झाड़ियां हैं उसकी कटाई छटाई व सफाई अभी नहीं हुई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतिय खंड को निर्देशित किया कि बेड़ी पुलिया से रामघाट तक सड़क के किनारे कुछ लोग गिट्टी बालू ईट रखे हुए हैं उन्हें जेसीबी से उठाकर जप्त करें एवं जुर्माना वसूलने के बाद ही छोड़े, कहा कि मेले से पूर्व रोड पर अतिक्रमण नहीं रहनी चाहिए।उन्होंने अधिशासी अभियंता को भी निर्देशित किया कि भरतकूप से भरत मंदिर तक कई गड्ढे बने हुए हैं एवं उसी रास्ते से काफी संख्या में जनता मेले में आती है उसे सही कराए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि डिवाइडर बनने से काफी हद तक एक्सीडेंट में कमी आई है उन्होंने कहा कि कर्वी से लेकर भौरी तक जो डिवाइडर बनाया गया है उसमें एक्सीडेंट जीरो हुआ है।जिलाधिकारी ने मोहरा पुल के बारे में जानकारी लिए जिस पर अधिशासी अभियंता प्रयागराज ने बताया कि मेले से पूर्व तैयार हो जाएगा। उन्होंने शिवरामपुर पुलिया के बारे में जानकारी लिए जिस पर अधिशासी अभियंता प्रयागराज ने बताया कि इसके टेंडर के लिए भेजा गया है अनुमत मिलने पर कार्य प्रारंभ हो जाएगा जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि पुलिया पर बोरी का इंडीकेटर या ईटों से चुनाई कर दिया जाए एवं इंडिकेटर व साईनेज भी लगाए। उन्होंने पहाड़ी कस्बा राजापुर तहसील के पास एवं लूप लाइन मानिपुर एवं शंभू पेट्रोल पंप से रेलवे तिराहा कर्वी तक में जो पैच हैं उसे सही कराए।उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन

अधिकारीको निर्देशित किया कि मेले में कितनी बस लगाई जाएगी  ड्राइवर का नाम मोबाइल नंबर बस का फिटनेस आदि की सूची उपलब्ध कराए ।उन्होंने यातायात प्रभारी को निर्देशित किया कि आवश्यकता अनुसार बैरियर लगाए। उन्होंने कहा कि अवशेष बचे ब्लैक स्पॉट है चिन्हित कर इंडिकेटर व शाइनेज स्टॉपर आदि लगाए।

बैठक में उप जिलाधिकारी कर्वी सुश्री पूजा साहू, पुलिस क्षेत्राधिकार ट्रैफिक श्री आमिन अहमद, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग की अखिलेश कुमार सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी श्री आरपी सिंह यात्री कर अधिकारी दीप्ति त्रिपाठी, अधिषासी अभियंता प्रयागराज, यातायात प्रभारी ट्रैफिक श्री शैलेंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

(8). आज दिनांक 09.10.2025 को प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना श्रीमती रीता सिंह, निरीक्षक श्री नरेश कुमार प्रजापति,आरक्षी रामविलास यादव व आरक्षी शिवम द्विवेदी थाना साइबर टीम जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय मानिकपुर चित्रकूट में साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया।इस जागरुकता कार्यक्रम के तहत सभी आमजन को साइबर अपराध से बचाव हेतु जानकारी दी गयी जिसमें बचाव के प्रमुख बिन्दु निम्न है- 1.किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना अकाउंट विवरण व एटीएम कार्ड नम्बर व पिन नम्बर सी0वी0वी0 तथा ओटीवी नम्बर,एस0एम0एस0 न बताये। 2.एटीएम हमेशा अकेले प्रयोग करे व किसी अनजान व्यक्ति की मदद न लें । 3.अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी अनजान व्यक्ति को फोन,ई-मेल,एस0एम0एस0  फेसबुक,व्हाट्सएप पर  कभी भी न दें। 4.आधार कार्ड,पैन कार्ड,राशन कार्ड,नयी सिम लेने के लिए कई बार फिंगर स्कैन न करें ।  5.बोनस प्वाइंट,रिवार्ड प्वाइंट,कैशबैक,के0बी0सी0 आदि लुभावने ऑफर के लालच में अपना बैंक डिटेल फोन पर शेयर न करें। 6.किसी प्रकार का रिमोट एप्स जैसे टीमविवर,ऐनी डेक्स आदि किसी के कहने पर मोबाइल में इनस्टॉल न करें। 7. कम समय में पैसा डबल करने,क्रिप्टो में इन्वेस्टमेंट  कर ज्यादा रिटर्न मिलने जैसे लुभावने स्कीम के लालच में न आयें। 8. फेसबुक,इस्टाग्राम,ब्लॉग,ट्विटर चैट रूम आदि जैसे किसी भी ऑनलाइन प्लेटफार्म सोशल नेटवर्किंग साइटस पर अपनी निजी जानकारी जैसे घर का पता,फोन नम्बर,जन्मतिथि और जन्म स्थान आदि तथा वर्तमान लोकेशन कभी भी शेयर न करें। 9. पुलिस/साइबर अधिकारी के नाम की काल आने पर आपके बच्चे के द्वारा बलात्कार,किडनैपिंग का केस बता कर या आपके द्वारा पोर्न विडियों देखने का आरोप लगाकर आपसे पैसे की मांग की जाये तो बिलकुल न घबराये, और न ही कोई पैसे भेजें। 10.साइबर अपराध की घटना होने पर टोल फ्री नं0 1930 पर तुरन्त कॉल करें। इसके पश्चात नजदीकी पुलिस स्टेशन और www.cybercrime.gov.in पर भी रिपोर्ट करने हेतु बताया गया।

(9). आज दिनांक 09.10.2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस0 द्वारा जिलाधिकारी चित्रकूट श्री शिवशरणप्पा जीएन एवं  पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में पुलिस लाइन चित्रकूट प्रशिक्षु आरक्षियों के लिये नवनिर्मित पुलिस मेस का उद्घाटन किया गया तत्पश्चात नवनिर्मित मेस में पुलिस अधिकारी/पुलिसकर्मियों एवं प्रशिक्षु आरक्षियों के लिए भोज (बड़ा खाना) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बांदा महोदय जिलाधिकारी चित्रकूट व पुलिस अधीक्षक चित्रकूट सहित सभी राजपत्रित अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षु आरक्षियों को भोजन परोसा गया ,साथ ही उनके साथ बैठ कर भोजन किया गया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी श्री उमेश चन्द्र निगम,अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन्स श्री अरविन्द वर्मा, क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राजकमल, क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्री यामीन अहमद, क्षेत्राधिकारी मऊ श्री फहद अली, क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान श्री अजेय कुमार शर्मा, प्रतिसार निरीक्षक रामाशीष यादव,

आरटीसी श्री प्रदीप यादव,पीआरओ पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार सिंह एवं समस्त थाना प्रभारी , चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।